

महिला
संघ, पटना
PATNA BRANC



Kalyanmayee
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
WOMEN WELFARE ASSOCIATION
भारतीय विमानपत्तन
महिला कल्याण संघ, पटना
AIRPORTS AUTHORITY OF
MENS WELFARE ASSOCIATION, PATNA
रजत
को 12.00


kalyanmayee
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
WOMEN WELFARE ASSOCIATION
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ, पटना
AIRPORTS AUTHORITY OF
WOMENS WELFARE ASSOCIATION, PATNA
समारोह
गेट टुगेदर)
को 12.00
आयोज
09334374


kalyanmayee
महिला कल्याण संघ, पटना शाखा
WOMENS WELFARE ASSOCIATION, PATNA BRANCH


kalyanmayee
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA WOMEN WELFARE ASSOCIATION
प्राधिकरण महिला कल्याण संघ, पटना
OF INDIA WOMENS WELFARE ASSOCIATION, PATNA
जयंती
गेट टुगेदर)


kalyanmayee
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
WOMEN WELFARE ASSOCIATION
भारतीय
AIRPORTS
10




VENTURE
दिल से हिन्दी अपनाएँ।
से भारतीय कहाएँ।।
VOLTAS
VENTURE


विमानप प्राधिकरण महिला कल संघ,पटना शा
AIRPORTS AUTHO INDIA WOMENS WELFARE ON, PATNA BRANC
कार्यक्रम तथा
2 दिसम्ब
2.00 बजे
9334374304


जो राष्ट्रप्रेमी है उसे राष्ट्रभाषा
प्रेमी होना चाहिए।


kalyanmayee
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
WOMEN WELFARE ASSOCIATION


kalyanmayee
विमानपत्तन
महिला
AUTHORITY OF
WELFARE
हिन्दी
तथा


प्राधिकरण महिला कल्याण संघ,पटना
INDIA WOMENS WELFARE ASSOCIATION

## कल्याणमयी का रजत जयंती समारोह कल

पटना। एयरपोर्ट अधिकारियों व कर्मियों की पत्नियों की कल्याणकारी संस्था कल्याणमयी के 25 वर्ष पूरा होने पर 22 दिसम्बर को रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। एयरपोर्ट परिसर में होने वाले इस समारोह में बच्चों की ड्रेस शो प्रतियोगिता होगी। वहीं महिलाओं के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसकी जानकारी देते हुए संस्था की अध्यक्षा मंजुल दुबे व सचिव अर्चना कुमारी ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पटना एयरपोर्ट पर बच्चों ने गाया, अभिभावकों ने हंसाया

लाइफ रिपोर्टर @पटना

**पटना** एयरपोर्ट पर बच्चों ने गाया, रंग-बिरंगे परिधानों से आकर्षित किया, तो अभिभावकों ने भी खूब हंसाया. अवसर था भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ की संस्था 'कल्याणमयी' की रजत जयंती का. कार्यक्रम का उद्घाटन संघ की अध्यक्षा मंजूल दुबे ने की. रजत जयंती पर बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस कंपीटीशन हुआ. कन्हैया बने श्रेयांस राज, तो दूल्हा प्रांजल और दुल्हन के ड्रेस में अर्पिता भी खूब जंचे. आकर्षक परिधान में आयुषी प्रिया ने भी दिल जीता. फैंसी ड्रेस शो में एयरपोर्टकर्मियों के बच्चों ने भाग लिया. अंकिता राज और अनुराग राज ने 'रट्टा मार...' गाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी.

**महिलाओं के बीच प्रतियोगिता :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ, पटना शाखा के सदस्यों के बीच प्रतियोगिता भी हुई. कल्याणमयी संस्था की सचिव अर्चना कुमारी ने मंच संचालन किया. इस मौके पर संघ की ओर से सुषमा कुमारी, शिप्रा सिन्हा, कमला सिन्हा, किरण देवी, शेफाली, सरस्वती पॉल और बतौर मुख्य अतिथि रोजिना आदि उपस्थित थी.



दैनिक जागरण 22-12-12

## फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों की धमाल

निज प्रतिनिधि, पटना : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकार महिला कल्याण संघ ने शनिवार को जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चे विभिन्न प्रकार के पोशाक पहनकर प्रतियोगिता में भाग लिए। बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अनुप्रिया और अंकिता सहित दर्जनों बच्चे प्रतियोगिता व नृत्य कार्यक्रम में भाग लिए।

राष्ट्रीय सहारा 22-12-12

# बच्चों ने बिखेरा रैंप पर जलवा

▶ भाविप्रा महिला कल्याण संघ ने मनाया सिल्वर जुबली

पटना (एसएनबी)। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ की ओर से शनिवार को एयरपोर्ट के हिन्दी हॉल में सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन संघ की अध्यक्ष मंजूल दुबे ने किया। उन्होंने मुख्य अतिथि रोजिना को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर संघ की सचिव अर्चना कुमारी ने कहा कि संघ की संस्था कल्याणमयी का गठन 25 वर्ष पूर्व आज के ही दिन हुआ था। संस्था की ओर से समय-समय पर स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, मेडिकल कैंप, डेंटल चेकअप, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसके अलावा हुनर प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे टेलरिंग, ब्यूटिशीयन, इम्ब्रोडरी आदि के क्लासेज चलाए जाते हैं। समारोह में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण परिवार की महिलाएं और बच्चों ने जमकर मस्ती की। इस मौके पर महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता और बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं के खेल में ग्लास के किनारे पर सिक्के रखना और माचिस की एक तिल्ली से अधिकतम मोमबत्ती जलाना था। बच्चे, दूल्हा, दुल्हन, शांता क्लॉज और कृष्ण का रूप धारण कर लोगों का मन मोह रहे थे। इस मौके पर श्रेयांस राज ने कृष्ण, प्रांजल ने दूल्हा, अनिकेत ने नेता, अर्पिता ने दुल्हन सहित आयुषी प्रिंया व मानसी ने आकर्षक परिधान पहन कर रैंप पर जलवा बिखेरे। समारोह में सुषमा कुमारी, शिप्रा सिन्हा, किरण देवी, सरस्वती पाल, शेफाली, राजकुमार और धनंजय के अलावा कई लोग मैजूद थे।



समारोह में भाग लेते बच्चे।

हिन्दुस्तान 22-12-12

## कोई राधा-कृष्ण तो कोई बना था दूल्हा-दुल्हन

पटना। नन्हे-नन्हे बच्चे। मौसम सर्द पर जज्बे में कमी नहीं। ड्रेस शो प्रतियोगिता में कोई राधा-कृष्ण के ड्रेस में तो कोई दूल्हा-दुल्हन के। मौका था शनिवार को संस्था कल्याणमयी के रंजत जंयती के मौके पर बच्चों व महिलाओं के बीच प्रतियोगिता का।

छोटे-छोटे बच्चे तरह-तरह के लिबास में प्रतियोगिता में शामिल होने आए थे। महिलाओं के बीच ग्लास पर सिक्का रखने और कैंडिल जलाने की प्रतियोगिता शुरू हुई। घंटों तक चले इस कार्यक्रम में एयरपोर्ट अधिकारियों, कर्मियों के साथ हर उनकी पत्नियों व बाल-बच्चों ने जमकर मजा उठाया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्षा मंजुल दुबे व सचिव अर्चना कुमारी ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चों व महिलाओं में प्रतियोगिता की भावना पैदा होती है।

## 'कल्याणमयी'( भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण महिला कल्याण संघ)पटना शाखा रजत जयंती समारोह (सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि )का रिपोर्ट

'कल्याणमयी' के मुख्यालय से प्राप्त मेल के संदर्भ में कल्याणमयी सदस्यों एवं भाविप्रा, पटना के समस्त अनुभाग में कार्यरत कर्मियों के सहयोग से रजत जयंती समारोह मनाने हेतु कल्याणमयी सदस्यों की बैठक दिनांक 04 दिसम्बर 2012 को आयोजित की गयी । इस बैठक में विभिन्न गतिविधियों का चयन किया गया जिनको समारोह के दौरान किया जाना है :

1. 10 साल तक के बच्चों के लिए फैन्सी ड्रेस शो का प्रदर्शन
2. बच्चे/बच्चियों के लिए नृत्य संगीत का कार्यक्रम
3. महिलाओं के लिए कैंडिल जलाने तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन

आयोजन स्थल इत्यादि का चयन करके वृहत प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्णय लिया गया । तदनुपरांत भाविप्रा पटना ईकाई द्वारा **22** दिसम्बर 2012 को 12.00 बजे हवाई अड्डा स्थित हिन्दी हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन किया गया।

इस समारोह का उद्घाटन श्रीमती मंजुल दुबे, अध्यक्षा, कल्याणमयी ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महिलाओं के बीच स्थानीय स्तर पर सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहने वाली श्रीमती रोजिना खातून ने भी शिरकत की । कार्यक्रम के दौरान अध्यक्षा महोदय ने मुख्य अतिथि महोदया का गुलदस्ते से स्वागत किया । मंच का संचालन श्रीमती अर्चना राज, सचिव कल्याणमयी ने किया तथा बच्चों के कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप देने में सचिव कल्याणमयी तथा श्रीमती कमला सिन्हा, कोषाध्यक्षा ने भी विशेष योगदान दिया । इस अवसर पर बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के पहनावे का प्रदर्शन किया तथा उनके द्वारा नृत्य संगीत भी प्रस्तुत किए गए । महिलाओं के बीच दो तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रीमती शेफाली सिन्हा तथा श्रीमती चंचला कुमारी ने भी अपना कला का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने नृत्य का भी प्रदर्शन किया । समारोह के दौरान सभी बच्चों को उपहार प्रदान किए गए तथा महिलाओं के बीच प्रतियोगिता में विजयी उम्मीदवारों को भी उपहार दिए गए ।

समारोह के दौरान भाविप्रा के कर्मियों ने तथा उनके परिवार जनों ने उक्त कार्यक्रम को सराहा । कार्यक्रम के अंत में किरण देवी, उपाध्यक्षा कल्याणमयी ने वहाँ उपस्थित सभी लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किए ।

रजत जयंती समारोह के दौरान स्थानीय अखवार के प्रतिनिधि भी आए थे, जिसे स्थानीय समाचार-पत्रों में भी उनलोगों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया । (कार्यक्रम की तस्वीर तथा समाचार पत्रों की प्रति संलग्न) ।

अर्चना राज

(अर्चना राज)
सचिव, कल्याणमयी
**पटना शाखा**

**प्रतिहस्ताक्षरित**

मंजुल दुबे

**(मंजुल दुबे)**
**अध्यक्षा कल्याणमयी**